संख्या- 13/2016/870/49-3-2015-24/2015

प्रेषक,

धीरेन्द्र प्रताप सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निबन्धक,
सहकारिता,उ0प्र0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक: 26 मई, 2016

विषय- उ0प्र0 कोआपरेटिव यूनियन लि0, लखनऊ में सहकारी पर्यवेक्षक के 317 रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-1652/शिक्षा/2015-16, दिनांक 07 जून, 2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें ।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0 कोआपरेटिव यूनियन लि0, लखनऊ में सहकारी पर्यवेक्षक के 317 रिक्त पदों पर भर्ती करने हेतु कार्मिक विभाग की लगाई गई रोक से छूट प्रदान करते हुए कार्मिक अनुभाग-3 की अधिसूचना सं0357/47-का-3-2016/13/7/2016, दिनांक 11फरवरी, 2016 (प्रति संलग्न) द्वारा उक्त पदों पर उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परिधि से हटाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3- प्रश्नगत पदों पर भर्ती के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही उ0प्र0 कोआपरेटिव यूनियन लि0, लखनऊ की आर्थिक स्थिति/संसाधनों के दृष्टिगत न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर, उ0प्र0सहकारी समिति अधिनियम 1965/ उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली, 1968, यथा संशोधित उ0प्र0सहकारी समिति नियमावली, 1975 में दी गयी व्यवस्था/प्रक्रिया का अनुश्रवण करते हुए सुनिश्चित की जायेगी तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि इस प्रक्रिया में राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय व्ययभार नही पड़ेगा।

4- प्रश्नगत पदों पर सीधी भर्ती करते समय नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

संलग्नक-यथोपरि। भवदीय,

धीरेन्द्र प्रताप सिंह
संयुक्त सचिव।

पृष्ठांकन संख्या- 13/2016/870(1)/49-3-2015, तद् -दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित : --

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 कोआपरेटिव यूनियन लि0, लखनऊ ।
2- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2/ कार्मिक अनुभाग-2
3- सहकारिता अनुभाग-2
4- गार्ड फाइल। आज्ञा से,

राकेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in